मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 | अंक - 50 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 04 सितंबर से 10 सितंबर 2023 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये



शिव छत्रपती राज्य क्रीड़ा पुरस्कार (2020-21) विजेता यशिका विश्वजीत शिंदे ने सपरिवार श्रीसिद्धिविनायक मंदिर (दादर प्रभादेवी) में श्रीसिद्धिविनायक गणपति बाप्पा के दरबार में अपना माथा टेका।

मंदिर ट्रस्ट के न्यासी सर्वश्री राजाराम देशमुख ने उन्हें श्रीसिद्धिविनायक बाप्पा की सुंदर प्रतिमा और अंगवस्त्र व पुष्प देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# मराठा आरक्षण

## प्रदर्शनकारियों से मिलने के लिए जालना रवाना हुए राज ठाकरे, मनोज जारांगे ने कही ये बड़ी बात

**मुंबई : महाराष्ट्र से मिली एक बड़ी खबर के अनुसार, आज मराठा आरक्षण के मुद्दे पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे प्रदर्शनकारियों से मिलने के लिए जालना रवाना हुए हैं। जानकारी दें कि,महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग ने अब जमकर तूल पकड़ लिया है। आरक्षण की मांग को लेकर जहां जालना के कई इलाकों में हिंसा हुई। वहीं इस हिंसा के बाद से पुलिस एक्शन में है।**



अब तक पुलिस ने हिंसा और आगजनी में शामिल 360 से ज्यादा लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक हिंसा में कथित तौर पर शामिल 16 लोगों की पहचान कर ली गई है, जो मनोज जारांगे के नेतृत्व में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे थे। जानकारी हो कि, मनोज जारांगे लंबे समय से मराठा आरक्षण की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं।

इस बाबत मराठा आंदोलन के नेता मनोज जारंगे पाटिल ने जानकारी दी कि, शिंदे सरकार ने हमें बातचीत के लिए मुंबई बुलाया था, लेकिन हमें नहीं लगता कि अब मुंबई आने की कोई जरूरत है क्योंकि मंत्री गिरीश महाजन के नेतृत्व में एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने हमसे मुलाकात की और हमारे साथ चर्चा की। हमें जो कुछ भी कहना था, हमने बता दिया है। उन्होंने साफ कहा कि, ;हमने उन्हें स्पष्ट कर दिया है कि सरकार को 2 दिनों के भीतर महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की घोषणा करनी होगी, और इसे लागू भी करना होगा। हमें जानकारी मिली है कि महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और शीर्ष अधिकारी बैठक करने जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा की, आज पूरे दिन इस मुद्दे पर बैठक होगी। हमें उम्मीद है कि आज इस पूरे मुद्दे पर कोई समाधान निकलेगा।

जानकारी दें कि, मराठा आरक्षण की मांग के बाद हिंसा बीते शुक्रवार को तब भड़की जब पुलिस ने अंबाद तहसील के अंतरवाली सारथी गांव में भीड़ को तितर बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इस दौरान पुलिस ने आंसू गैस के गोलों का भी जमकर इस्तेमाल किया।

# संध्या चंद्रसेन को दिल्ली में मिला 'चैरिटी एक मिशन' का राष्ट्रीय सम्मान


## आत्मिक शांति का माध्यम है समाज सेवा: संध्या चंद्रसेन

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी की संध्या चंद्रसेन को समाज सेवा के लिए दिल्ली की संस्था सुरीत इवेंट्स फाउंडेशन ट्रस्ट ने चैरिटी एक मिशन का राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया है।

गौरतलब है कि संध्या चंद्रसेन ग्यारह वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। नर्सिंग के बच्चों को प्रशिक्षित करने के साथ ही संध्या चंद्रसेन पिछले तीन वर्षों से स्वयंसेवी ग्रामीण महिलाओं को झाड़ू, टोकरी, जूट बैग, साबुन, शेम्पू, दंतमंजन, फिनाइल और फलों से आईसक्रीम का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने में महती भूमिका निभा रही हैं। संध्या चंद्रसेन इसी वर्ष दिल्ली में चार कदम फाउंडेशन की ओर से समाज सेवा के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी हैं। अध्यापन से अपने कैरियर की



शुरूआत करने वाली संध्या चंद्रसेन को दीन दुखियों की सेवा के कारण यह सब रास नहीं आया और उन्होंने गरीब जरूरतमंद बच्चों के लिए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की। इसके लिये उन्होंने विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी का गठन किया। इसके माध्यम से वे गरीब, बेसहारा बच्चों को नर्सिंग की शिक्षा देकर उन्हें सेवा के अवसर प्रदान करती हैं। वे अब तक आठ सौ नर्सिंग के बच्चे तैयार कर चुकी हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बना रही हैं। उनका मानना है कि दीन दुखियों का दर्द समझिये, आपको आत्मिक शांति का अहसास


Sureet Events Foundation Trust (Regd.)
Head Office: G-47, Gali No.4 Ground Floor, Near Montoo Shah Cable, Sant Nagar Extn., Tilak Nagar New Delhi-18
Ref. No. 007 Dated Aug-2023
चैरिटी एक मिशन (HELPING HAND)
"राष्ट्रीय सम्मान"
SANDHYA CHANDRASEN
धन्यवाद
रश्मीत कौर बिंद्रा
संस्थापिका एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष
9250621891


हो जाएगा।

कभी भी किसी की तकलीफ में हमें साथ देना चाहिए। आपदा सब पर आ सकती है। यह हमें नहीं भूलना चाहिए।

# भू माफियाओं ने अवैध रूप से किया प्लॉट पर कब्जा

**वाराणसी:** घटना उत्तर प्रदेश के गोसाईंपुर मोहाल वाराणसी से आ रही है पीड़ित अजय शर्मा के वैध प्लॉट पर कुछ भूमाफियाओं ने अवैध रूप से हथिया लिया है।

बता दें बैनामा अजय शर्मा के पक्ष में जा रहा हैं इसकी अनदेखी करते हुए दबंगों ने इस प्लॉट को हथियाने का पूरा प्लान बना चुके हैं। पीड़ित ने जब इसका विरोध किया दबंगों ने अपनी दबंगई दिखाते हुए अजय के साथ अभद्रता की। अजय ने बताया कि


BhuLekh Ror
उद्धरण खतौनी
(जन सुविधा केन्द्र / लोकवाणी केन्द्र से जारी)
Data Digitally Signed by: ARVIND KUMAR PANDEY

हमारे परिवार की शांति और सद्भाव को आरोपियों ने बाधित किया है, बल्कि विभिन्न सुरक्षाओं की चिंताएँ भी पैदा की हैं।

अजय शर्मा ने बताया कि प्रशासनिक कार्रवाई न होने के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद है। अतिक्रमित भूखंड, जो सरकारी दस्तावेजों में हमारे नाम पर है और हमारे कुटुंब का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, उन व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जे वाली जमीन पर अनधिकृत निर्माण के फिराक में है। ये न केवल भूमि उपयोग नियमों का उल्लंघन करती हैं बल्कि हमारे परिवार की सुरक्षा पर सवाल उठा रही है। प्रशासन से हमारी मांग है कि हमारे जान माल की रक्षा करें।

## प्रिय मूल्यवान पाठकों और विज्ञापनदाताओं...

हम अपने समाचार पत्र की स्थापना के पिछले एक दशक उल्लेखनीय उपलब्धि का सितंबर 25 को 12वें वर्ष में कदम रख रहे हैं, इस अवसर पर एक विशेषांक प्रकाशित कर जश्न मनाने जा रहे हैं। हमारे लिए यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है,जो उन कहानियों से भरी हुई है पिछले दशक में हिंदी साप्ताहिक कदम कदम हमारे समाज में सूचना का प्रतीक, प्रेरणा का स्त्रोत और सच्चाई की आवाज रहा है। सटीक और समय पर समाचार देने के प्रति आपके समर्पण के साथ-साथ पत्रकारिता की अखंडता को बनाए रखने की आपकी प्रतिबद्धता ने आपको मेरे सहित अनगिनत पाठकों का विश्वास और सम्मान अर्जित किया है।

हम अपने समर्पित पाठकों, हमारी पत्रकारिता में आपके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आपके पाठक वर्ग उत्कृष्टता की हमारी निरंतर खोज के पीछे प्रेरक शक्ति रहे हैं। हमारे सम्मानित विज्ञापनदाताओं के प्रति, हम अपने संदेशों और पेशकशों को हमारे संलग्न दर्शकों के साथ साझा करने के लिए हमारे साथ साझेदारी करने के लिए अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करते हैं। आपका योगदान हमारे मिशन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण रहा है। जैसे ही हम पिछले 11 वर्षों पर विचार करते हैं, हम उत्साह और प्रत्याशा के साथ भविष्य की ओर भी देखते हैं। ज्ञानवर्धक, निष्पक्ष और प्रभावशाली समाचार देने की हमारी प्रतिबद्धता पहले से कहीं अधिक मजबूत बनी हुई है।

हमारी यात्रा का अभिन्न हिस्सा बनने के लिए कदम कदम पर का परिवार प्रमुख होने के नाते आप सभी का साधुवाद करता हूं। यहां कई वर्षों की सूचित कहानी और सार्थक संबंध मौजूद हैं और मौजूद रहेंगे। विशेषांक में प्रकाशन सामग्री जैसे हार्दिक शुभकामनाएं विथ फोटो, इश्तहार एवं लेख कृपया 20 सितंबर के पहले साझा करें।

धन्यवाद!

**ACCOUNT DETAILS**
--------------------
Bank of Maharashtra
Kanjur Marg (W)
A/c Name : Kadam Kadam Par
Branch : Kanjurmarg (East), Mumbai - 78.
A/c No. : 60342646436
IFC Code : MAHB0000397



सादर
छोटेलाल शर्मा, प्रधान संपादक



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# ठोस कदम उठाने चाहिए

राजस्थान के कोटा में पिछले दिनों फिर दो छात्रों ने आत्महत्या कर ली। वहां इस साल अब तक 23 छात्रों ने अपने जीवन से हताश-निराश हो कर खुदकुशी कर ली है। ये छात्र वहां रहकर कोचिंग संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। आखिर वहां छात्रों द्वारा आत्महत्या का दौर खत्म क्यों नहीं हो रहा है? क्या कारण है कि सुनहरे भविष्य की राह पर चलने वाले छात्र अपना जीवन खत्म करने को मजबूर हो रहे हैं? छात्रों में ऐसा नकारात्मक दृष्टिकोण क्यों आ रहा है? सामान्य तौर पर देखा जाए तो आज के दौर की जीवन प्रक्रिया और हमारा एकांगी सोच इसका प्रमुख कारण है। आज के भौतिकवादी युग में समाज की मान्यता है कि जो व्यक्ति जितना बड़ा पैकेज ले रहा यानी पैसा कमा रहा है, वह उतना सफल और मेधावी है। आज व्यक्ति का मूल्यांकन उसके मूल्यों और सही आचरण से नहीं होता, बल्कि उसके द्वारा कमाए धन से माना जाता है। दूसरा कारण माता-पिता की महत्वाकांक्षा है। आज हर माता-पिता अपने बच्चों को डाक्टर और इंजीनियर के अतिरिक्त और कुछ नहीं बनाना चाहता। आइआइटी और एम्स से नीचे किसी इंस्टीट्यूट में वे अपने बच्चों का एडमिशन नहीं कराना चाहते। अभिभावकों के जीवन में बच्चों की रुचियों, उनकी महत्वाकांक्षाओं का कोई महत्व नहीं होता। माता-पिता अपने दृष्टिकोण के अनुसार उनके लिए दिशा निर्धारित करते हैं। उन्हें क्या करना चाहिए, क्या नहीं करना चाहिए, इसका निर्धारण माता-पिता बच्चों पर न छोड़कर स्वयं करते हैं। इसी प्रक्रिया के तहत हर अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल के साथ कोचिंग इंस्टीट्यूट में जरूर भेजते हैं। भले ही उसकी फीस देने के लिए उन्हें कर्जा ही क्यों न लेना पड़े। इसके अलावा कोचिंग इंस्टीट्यूट भी समस्या का बड़ा कारण हैं। हर गली कूचे में कुकुरमुत्तों की तरह खुल गए कोचिंग संस्थानों का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा का विकास करना नहीं, बल्कि अधिक से अधिक पैसा कमाना है। कोचिंग संस्थानों की इस मानसिकता से कहीं न कहीं वह छात्र भी प्रभावित होता है, जो इनसे जुड़ा है। कोचिंग संस्थान जितने बच्चों का दाखिला करते हैं, उन पर उन्हें बराबर ध्यान देना चाहिए और उनकी क्षमतानुसार उन्हें शिक्षा देने के साथ उनकी प्रतिभा का विकास करना चाहिए, पर वे सभी को एक डंडे से हांकते हैं। पाठ्यक्रम पूरा करने की होड़ में कोचिंग इंस्टीट्यूट यह भूल जाते हैं कि कुछ बच्चे सबके साथ दौड़ नहीं सकते। ऐसे ही छात्रों के मन में हीनता बोध जागृत होता है, जो उन पर इस कदर हावी हो जाता कि उन्हें लगने लगता है कि वे अब कुछ नहीं कर सकते। उन्हें ग्लानि होती है कि उन्होंने अपने माता-पिता का पैसा बर्बाद कर दिया। जब यह ग्लानि अपने चरम पर पहुंच जाती है तो वे आत्महत्या की ओर कदम बढ़ा लेते हैं। ग्लानि के इन क्षणों में उनकी काउंसलिंग करने वाला अपना कोई नहीं होता, जो उन्हें यह समझाए कि सफलता नहीं मिली तो कोई बात नहीं दोबारा प्रयास करो या अगर तुम्हें लगता है कि तुम यह नहीं कर सकते तो न करो, कुछ और भी किया जा सकता है। हताशा-निराशा के समय यदि कोई अपना आत्मीय व्यक्ति सांत्वना देता है तो व्यक्ति का दुख कम हो जाता है। मनोविज्ञान के अनुसार जब कोई व्यक्ति दुखी या निराश हो तो उसकी मां यदि प्यार से उसे गले लगाए तो उसका दुख कम हो जाता है। जो बच्चे अपने घरों से दूर रहकर कोचिंग संस्थानों में पढ़ रहे हैं, उन्हें निराशा के समय बल देने वाला कोई वहां दिखाई नहीं देता इसलिए वे निराशा की स्थिति से उबर नहीं पाते। यह स्थिति और भयावह न हो, इसलिए हमें कुछ ठोस कदम उठाने चाहिए।

# विलुप्त हो रही, काशी की सांस्कृतिक विरासत जन-जन में जगाया

**वाराणसी :** बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में काशी संसद सांस्कृतिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। वाराणसी जनपद के समस्त गांव और विद्यालयों में ,नुक्कड़ों, चौराहा तथा सार्वजनिक स्थान पर देश की सांस्कृतिक विरासत व्यक्ति ,बालक , छात्र/छात्राओं के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का एक अवसर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा जन-जन तक पहुंचाया गया । जिसके अंतर्गत जिले के समस्त प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, पुरुषों / स्त्रियों या अन्य किसी भी नागरिक को अपनी प्रतिभा ,कौशल एक मंच के माध्यम से प्रकट करने का शुभ अवसर मिला।

जिसमें न्याय पंचायत स्तर पर, संकुल स्तर पर बच्चे, बूढ़े सभी लोग ने मंच पर भाग लिया। जिसमें गायन, वादन और नृत्य प्रमुख रूप से संचालित हुआ। सर्वेश्वरी शिशु विकास विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और






को मंच के माध्यम से अपने अंदर छिपी प्रतिभा को सबके सामने रखा।

प्रतिभा करने वाले बच्चे कक्षा 6 _ तृप्ति राय, कक्षा 8 की छात्रा खुशबू कनौजिया, आंचल यादव, सुमन राय, नंदिनी गुप्ता। संकुल देइपुर के क्षेत्र आरएसएस सनशाइन स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संकुल प्रमुख संतोष मिश्रा और संबंधित साथियों ने कार्यक्रम को सफल बने बनाने का अपना योगदान दिया।

माननीय प्रधानमंत्री जी के सपनों को साकार करने के लिए वाराणसी की जनता, जन-जनके अन्दर छिपी प्रतिभा को निखारने का सतत प्रयास किया।वही प्रबंधक राजेश कुमार शर्मा ने कहा - अब बाबा विश्वनाथ की धरती से वही ज्ञान की धारा है। हम युग का निर्माण करेंगे , यह संकल्प हमारा है।

मौके पर मौके पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय देइपुर के प्रधानाध्यापक नीरज शुक्ला, राकेश सिंह , अध्यापक विनोद कुमार सिंह, आरएसएस सनशाइन के प्रबंधक, सर्वेश्वरी शिशु विकास विद्या मंदिर के अध्यापक शिव शंकर यादव, अनिल कुमार मंगलम, संग सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# पैजनिया फिल्म के मुख्य भूमिका में नजर आएंगे अभिनेता जितेंद्र झा

**प्रतिनिधि पंकज यादव,**/भोजपुरी फिल्म के अभिनेता जितेंद्र झा को फिल्म पैजनिया की शूटिंग 2 सितंबर से अयोध्या गुंडा बस्ती अन्य जिलों में हो रही है उत्तर प्रदेश जौनपुर जिले के अभिनेता जितेंद्र झा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे अभिनेता से एक सवाल पूछें जाने पर कि आप का दर्शको के लिए क्या कहना है इसके जवाब में अभिनेता का कहना हैं कि ये फि ल्म लव और इमोशनल से जुड़ा हुआ है ये फिल्म दर्शकों को काफी पसन्द। आयेगी ये फिल्म चार दोस्तो कि दोस्ती



को दशार्ती हैं फि ल्म रफ्फ्कृ बैनर तले बन रही है इसके निमार्ता सीता राम गुप्ता, निर्देशक और लेखक संतोष धावेलकर जी हैं फिल्म में संगीत सावन कुमार का है जबकि आवाज जानी मानी सिंगर अलका झा, मोहन राठौर, सावन कुमार। अन्य का है, फिल्म की मुख्य भूमिका में। जितेन्द्र झा ,नीतू मौर्या, राज सिंह, राहुल, मेराज खान, व अन्य कलाकार हैं ये फिल्म दो सितम्बर से 17सितम्बर तक चलेंगी,,,

## बहुत-बहुत बधाई!



**प्रशांत कनौजिया ( नेशनल इलेक्शन कैंपेन इंचार्ज राष्ट्रीय लोकदल पार्टी ) को इंडिया गठबंधन के मीडीया कमेटी में स्थान मिलने पर बहुत बहुत बधाई और आशीर्वाद।**

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# युवा ही बदलेंगे नाई समाज की तस्वीर - राजकुमार

**नाई** समाज सहित गरीबों, सोषितो, वंचितों के धरोहर ,बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर जी के जन्म शताब्दी समारोह 2024 के उपलक्ष में, 28 सितंबर 2023(गुरुवार) मुजफ्फरपुर में नाई समाज द्वारा युवा संवाद एवं सम्मान समारोह का आयोजन समाज के



वरिष्ठ नेता राजकुमार ठाकुर नंदवंशी एवं युवा नेता दीपक ठाकुर के नेतृत्व में किया जाएगा ।राजकुमार ठाकुर नंदवंशी ने बताया कि हमारे समाज का सूरत युवा( नंदवंशी ) ही बदल सकते हैं। इसलिए युवाओं को सम्मान देना बहुत जरूरी है । साल 2024 में मुजफ्फरपुर जिले के प्रत्येक पंचायत से लेकर गांव-गांव में जननायक जी के जन्मशताब्दी समारोह के उपलक्ष में जननायक जी के किए हुए कार्यों को नाई समाज सहित तमाम अति पिछड़ा समाज के लोगों को बीच रखा जाएगा। वही युवा नेता दीपक ठाकुर ने बताया कि, आगामी जनवरी 2024 में जननायक कपूर्री ठाकुर जी का जन्म शताब्दी पूर्ण हो रहा है। जिले में महान पुरुष के जन्मशताब्दी के उपलक्ष में जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में जिला नाई समाज द्वारा एक विशाल कार्यक्रम कर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा । जिसमें जिला सहित प्रदेश के सभी छोटे-बड़े नेता पदाधिकारी गण को आमंत्रित किया जाएगा।

युवा संवाद एवं सम्मान समारोह में सभी पंचायत से लेकर सभी प्रखंड के युवा ,संघर्षील, समाजसेवी साथी को आमंत्रित किया जाएगा।

**हिसाब उम्र का कैसे लिखूं**
**शून्य से शुरू की थीं मैने**
**जमा खुशियां ही खुशियां**
**दर्द किश्त किश्त में**
**हिसाब कैसे लिखूं**
**तर्क और वितर्क की**
**झाड़ियों में उलझा**
**हुआ अस्तित्व अब**
**जो खुशबू का**
**धुआं धुआं उठा**
**दे रहा अब क्यों घुटन**
**समय का सवाल हूं**
**मैं कांटों की चुभन से**
**निशब्द हूं........**



**सविता मोदी**
**(मंडला, म.प्र.)**



**मुम्बई आगमन पर प्रधानपति ग्रामसभा कम्मरपुर जौनपुर माननीय श्री घनश्याम तिवारी जी और बीडीसी ग्रामसभा कम्मरपुर रोहित तिवारी जी का नई उम्मीद फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा अंग वस्त्र सम्मानित किए गए। इनकी कार्य कुशलता देखते हुए नई उम्मीद फाउंडेशन के द्वारा सम्मान प्रमाण पत्र दिया गया है और शिष्टाचार भेंट किया गया। साथ ही साथ प्रधान जी ने अपनी इच्छा जताई कि इस बार नई उम्मीद फाउंडेशन का भरी संख्या में कार्यक्रम कम्मरपुर जौनपुर में किया जाएगा।**

# सीएम एकनाथ शिंदे की डिनर डिप्लोमेसी, विपक्षी गठबंधन की बैठक के बीच सत्ता पक्ष भी रणनीति बनाने में जुटा

**मुंबईः** एक तरफ सांताक्रुज के पांच सितारा होटल में विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक चल रही थी, दूसरी तरफ गुरुवार देर रात मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे दक्षिण मुंबई के वर्षा बंगले में महायुति के मंत्रियों एवं विधायकों के साथ डिनर डिप्लोमेसी कर रहे थे। गुरुवार करीब साढ़े आठ बजे शुरू हुए डिनर में



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार सहित सभी मंत्री और विधायक शामिल हुए। इसमें बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार भी शामिल थे। वर्ला में गुरुवार को भी महायुति की बैठक आयोजित की गई।

बीजेपी के एक नेता ने बताया कि भोजन के बाद महायुति के मंत्रियों और विधायकों के साथ सीएम और डीसीएम ने बैठक की। इस दौरान सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाने और जनता के बीच रहते हुए जनहित के कार्य करने की सलाह दी।

सूत्रों के मुताबिक, सीएम शिंदे ने विधायकों से कहा कि मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए किसी भी चुनौती से निपटने के लिए हमें तैयार रहने की जरूरत है। विपक्ष महायुति सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है, जिसका हमें मुंहतोड़ जवाब देना है। वहीं, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमें केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए एकजुट होने की जरूरत है। हमारी सरकार जनहित और विकास के कार्य कर रही है। इस बैठक की टाइमिंग काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि मुंबई में इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद महायुति सरकार दबाव महसूस कर रही है। माना जा रहा है कि महायुति के मंत्रियों और विधायकों में जोश भरने के लिए सीएम शिंदे ने डिनर डिप्लोमेसी का सहारा लिया है।

## पीएम मोदी का विपक्ष के पास कोई तोड़ नहीं: फडणवीस

**मुंबई में 28 विरोधी दलों के जमावड़े पर बरसते हुए बीजेपी के वरिष्ठ नेता उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इनके पास कोई तोड़ नहीं है। विपक्ष के पास पीएम जैसा कोई सक्षम नेता नहीं है। इनके पास कोई एजेंडा नहीं है। देश को आगे लेकर चलने की कोई नीति नहीं है। इनका मिशन सिर्फ और सिर्फ मोदी हटाओ है। फडणवीस ने कहा कि इनके राजनीति अलायंस का कोई असर होने वाला नहीं है। ये लोग मुंबई आए हैं। इनका केवल मोदी हटाने का एजेंडा है, क्योंकि इन्हें अपना परिवार बचाना है। सारी परिवारवादी पार्टियों पर मोदी ताला लगा रहे हैं। इससे वे डरे हुए हैं, इसलिए एक होकर विरोध कर रहे हैं। लेकिन इन्हें ध्यान रखना चाहिए कि 2019 में जनता ने इन्हें पूरी तरह से नकार दिया था और अब 2024 में भी बुरी तरह से नकारेगी।**

## मूलचंद शर्मा फौजी के पैर का आपरेशन होने के उपरांत उनका हाल जानने पहुंचे दिनेशचंद्र शर्मा



भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था के प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा जी के चाचा जी मा. मूलचंद शर्मा फौजी के पैर का आपरेशन होने के उपरांत उनका हाल जानने पहुंचे संस्था अध्यक्ष दिनेशचंद्र शर्मा समेत संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा ईश्वर से प्रार्थना किए की बाबूजी जल्द ही स्वस्थ्य हो। तत्पश्चात संस्था मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता नंदवंशी अजय शर्मा जी के निजि निवास पर पहुंच तत्कालीन बैठक का आयोजन कर समस्त पदाधिकारियों ने समाज कल्याण और संस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए विचार विमर्श किया तथा समाजिक एकता को मजबूत बनाने के लिए बातचीत किया। तत्कालीन बैठक की अध्यक्षता संस्था वरिष्ट संरक्षक मा. बच्चन शर्मा तथा संचालन मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता नंदवंशी अजय शर्मा कर रहे थे।

उपस्थित समस्त पदाधिकारियों ने समाज कल्याण पर गहन चर्चा किया तथा संस्था अध्यक्ष मा. दिनेशचंद्र शर्मा जी ने कहा अपने समाज की कुरीतियों को कम करने तथा लाभदायक कार्य के लिए सभी को प्रेरित करना सबसे बड़ा समाज सेवा है, जो सभी के लिए कल्याणकारी साबित होता है. तथा हमारे लिए भी, अपना पेट तो जानवर भी भरते हैं. मगर मानव में खास बात यह हैं कि वह समूचे समाज के हित की सोचता हैं तथा हर जरूरत मंद की मदद करने के लिए भी आगे आते हैं. निस्वार्थ भाव से किसी दूसरे की गई मदद को ही समाज सेवा कहा जाता हैं। समाज सेवा एक पुण्य कार्य हैं, इसके कारण लोग अमर हो जाते है तथा उन्हें सदियों तक याद भी किया जाता हैं. बड़ी से बड़ी सामाजिक बुराई को समाज सेवा रुपी हथियार की मदद से दूर किया जा सकता हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने बहुत ही सुंदर पंक्ति लिखी हैं परहित सरिस धर्म नहीं भाई, अर्थात दूसरों की भलाई से बढ़कर कोई भी धर्म नहीं हैं. हमें प्रकृति से परोपकार के गुणों को सीखकर अपनाना चाहिए।

## रेल मंत्री से मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग डिब्बें की मांग

आदरणीय श्री अश्विनी वैष्णव जी, रेलमंत्री भारत सरकार, मैं आपको एक चिंतित नागरिक और हमारी लोकल ट्रेनों के नियमित यात्री





के रूप में लिख रहा हूं।

पिछले कुछ वर्षों में, मैंने लोकल ट्रेनों में यात्रा करते समय हमारे वरिष्ठ नागरिकों के सामने आने वाली चुनौतियों को देखा है, और मेरा मानना है कि इस मुद्दे का समाधान करने की तत्काल आवश्यकता है। हमारे वरिष्ठ नागरिकों ने हमारे समाज में बहुत योगदान दिया है और आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का अधिकार अर्जित किया है। हालाँकि, उनके लिए लोकल ट्रेन यात्रा की वर्तमान स्थिति आदर्श से बहुत दूर है। मैं लोकल ट्रेनों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए समर्पित एक अलग डिब्बे के कार्यान्वयन का प्रस्ताव करता हूं। यहां पर आपको बता दे वरिष्ठ नागरिकों को अक्सर भीड़-भाड़ वाले डिब्बों में जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाएं हो सकती हैं। एक अलग डिब्बे से ऐसी घटनाओं का खतरा कम हो जाएगा।

आदरणीय रेलमंत्री जी आप इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करें और हमारी लोकल ट्रेनों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग डिब्बे शुरू करने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा शुरू करने का अनुरोध करता हूं। आप चाहे तो इस पहल के सफल कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कोई भी समर्थन या सहायता प्रदान



करने को तैयार हूं। साथ मिलकर, हम अपने वरिष्ठ नागरिकों के लिए लोकल ट्रेन यात्रा को सुरक्षित और अधिक आरामदायक बना सकते है। आशा है आप मेरे इन सुझाव पर आप ध्यान देंगे।

**सादर**
**अनंतलाल शर्मा**
**उमेश नगर डोंबिवली (वेस्ट)**
**पिन-421201**
**मो.नं. 8291226010**
**8108398430**

## साधारण परिवार से आने वाली असाधारण प्रतिभावान बेटी अनुबाला

**मुंबईः** अनुबाला पीसीएस/जे की परीक्षा उत्तीर्ण करने में आपकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए हिंदी साप्ताहिक कदम-कदम पर परिवार आपको असीम बधाई देता है।

अनुबाला आपकी कड़ी मेहनत समर्पण और दृढ़ता वास्तव में आपकी कामयाबी का सबब बनी। आज पूरा देश आपकी सफलता में भाग लेने के लिए उत्तेजित है। यह उपलब्धि आपकी बुद्धि और आपकी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह न केवल आपकी शैक्षणिक उत्कृष्टता को दशार्ता है बल्कि आपके सपनों और लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के आपके दृढ़ संकल्प को भी दशार्ता है। पीसीएस/जे परीक्षा में आपकी सफलता आपके उज्ज्वल और आशाजनक भविष्य की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आप अपने जीवन के इस नयी यात्रा की शुरूआत करेंगे, स्मरण रहे कि यह उपलब्धि



तो बस शुरुआत है। अभी कई अवसर और चुनौतियाँ आपका इंतजार कर रही हैं, योग्यता में कोई संदेह नहीं है आप अपना बेस्ट देते रहेंगे और अपने देश, प्रदेश, परिवार और समाज को गौरवान्वित करते रहेंगे।

अनुबाला की क्षमताएं असीमित हैं यहां पर यह कहना गलत ना होगा आने वाले वक्त में अनुबाला महान उपलब्धियां हासिल करती रहेगी। एक बार फिर इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई। अनुबाला आपने साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कुछ भी संभव है। पूरे देश में आपका और हमारा समुदाय आने वाले वर्षों में आपकी निरंतर सफलता और वृद्धि देखने के लिए उत्सुक है। आपके भविष्य के प्रयासों के लिए आप सभी को शुभकामनाएँ।

**प्रस्तुतिः छोटेलाल शर्मा,**
**प्रधान संपादक**

## 'लालजी शर्मा मास्टर साहब जल्द स्वस्थ होकर के समाज का मार्गदर्शन करें'



**परम** पूज्यनीय श्री लालजी शर्मा मास्टर साहब वरिष्ठ समाजसेवी जौनपुर जिनकी तबीयत अचानक खराब हुई इलाज जौनपुर में हो रहा था. घर आने पर भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा उनका हाल चाल की स्थिति जानने व आशीर्वाद लेने उनके निजी आवास पर पहुंचे और ईश्वर से कामना की जल्द ही वे स्वस्थ मस्त दुरुस्त होकर के समाज में हम लोगों का मार्गदर्शन करें।

**- संस्था अध्यक्ष दिनेश शर्मा**

## नाई नारी शशक्ति करण की पुकार

**भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था**
**नारी शशक्ति करण संरक्षक जी ने समाज को प्रेरणा देते हुए कहा**
**नाई नारी शशक्ति करण की पुकार**
**नंद वंश के वीर सपूतों , बहनो की अब सुनो पुकार '**
**जागो जागो बीरन मेरे, सहन न होता अत्याचार ''**
**ले नहकटनी और महावर , घर घर घूमे बहिन तोहार ''**
**इस कुरीत का कर उन्मूलन, भाई राखो लाज हमार ''**
**भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. नारी शशक्ति करण**
**संरक्षक- शिवा लक्ष्मी शर्मा (M.Com),**
**संस्था संरक्षक_बच्चन शर्मा**



# समाजसेवी डॉ.बाबुलाल सिंह का 64 वां जन्म दिवस समारोह पुर्वक संपन्न



**मुंबई–** सुप्रसिद्ध समाज सेवक एवम वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.बाबुलाल सिंह का 64 वां जन्म दिवस समारोह केशव पाड़ा, मुलुंड प.पर युवा ब्रिगेड एसोसिएशन, उत्तर भारतीय मित्र मंडल, महानगरी को आप क्रेडिट सोसायटी, महानगरी मित्र मंडल द्वाराआयोजित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बी.के.तिवारी (पुर्व नगरसेवक), सुनील गंगवानी (पुर्वनगरसेवक), गोविंद सिंह, डॉं.आर.आर.सिंह, किशोर मुंडेकल, समाज सेवक बिरजु मुंदडा, के.एन. सिंह, कालिका सिंह, बीरेन्द्र पाठक, राजेंद्र श्रीवास्तव, डा. दीपक सिंह, रामरूप वर्मा (उद्योग पति), मनीष तिवारी(अध्यक्ष भाजपा मुलुंड), कांग्रेस नेता कैलाश पाटील, नीता जोशी (अध्यक्ष मुलुंड महिला कांग्रेस), महाराष्ट्र कांग्रेस उत्तरभारतीय सेल के महासचिव डॉ.सचिन सिंह, डॉ.आर.एम.पाल, दयाशंकर सिंह, सचिव मोहन लाल राज, बबीता गुप्ता, शरीफ खान, मंगला शुक्ला, अजय पटेल, गुलाब दूबे, कमल चंदनशिवे, रईस खान, भगवान किशोर तिवारी, राजन उटवाल, जीतेन्द्र शर्मा, कन्हैयालाल गुप्ता, जगदीश शर्मा, शीतल वालीकर (भाजपा नेता), इर्शाद शेख, पत्रकार ओमप्रकाश प्रजापति, छोटेलाल शर्मा, अशोक कुमार पांडेय, बिपीन जोशी, शिक्षाविद विनय शर्माह्लदीप, प्रभा शर्मा, राजकुमार यादव, चंद्रवीर यादव, समाज सेवक शशिकांत यादव, अनिल यादव, दीनानाथ यादव, योगेन्द्र श्रीवास्तव, दयाशंकर पाल, विनायक घाणेकर, बाला उगवेकर, विलास मोरे, आशीष पाटील, प्रशांत सिन्नारी, अरविंद म्हादलेकर, राजू कर्वे, अमित यादव, हनुमंत दाभाडे, विनोद तन्ना, ललित ठक्कर, मैथ्यु चेरियन, प्रेम कुमार, शानु शेख, नितीन साल्वी, ने शाल पुष्प गुच्छ एवम भेंट वस्तु प्रदान कर निरोगी जीवन और दीघार्यु होने की शुभ कामनायें प्रदान किया।

# भाजपा को सत्ता से हटाना हम सबका लक्ष्य



**मुंबई।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (INDIA) की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने के लिए पहुंची अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि भाजपा को 2024 में सरकार बनाने से रोकना हम सभी पार्टियों का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी की विकट स्थिति बन गई है। देश में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, कई जगहों पर दंगे फसाद हो रहे है जिसे रोकने में मोदी सरकार विफल रही है। भाजपा को सत्ता हटाने के लिए देश की जनता भी अब तैयार है। कृष्णा पटेल व राष्ट्रीय महासचिव पंकज निरंजन का मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंचने पर अपना दल समर्थकों ने स्वागत किया। इस अवसर पर अपना दल उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी एल पटेल, प्रदेश महासचिव गगन प्रकाश यादव, प्रदेश सचिव दीनानाथ सरोज, अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. यू पी सिंह,राष्ट्रीय प्रवक्ता एन के सिंह,प्रो. मारकंडे सिंह,संदीप कटके, उत्तर भारतीय ओबीसी महासभा के महासचिव गंगाराम विश्वकर्मा, संजीव देशमुख, भुजंग राव काले आदि सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ‘इंडिया’ की लड़ाई है और देश की सारी जनता ‘इंडिया’ के साथ – आदित्य ठाकरे



**मुंबईः** आने वाले अगले ५० साल कैसे होंगे, यह हम देख रहे हैं। हमारे देश में पिछले ७५ सालों में हमारा लोकतंत्र, संविधान जिस तरह से होना चाहिए था उस तरह टिका रहा, लेकिन उस लोकतंत्र को पिछले ९ से १० सालों में झटका/धक्का लगता चला गया। उस लोकतंत्र को हमें संभाल कर रखना है इसलिए यह ‘इंडिया’ की लड़ाई है और देश की सारी जनता ‘इंडिया’ के साथ आ रही है, ऐसा दृढ़ विश्वास शिवसेना नेता व युवासेनाप्रमुख आदित्य ठाकरे ने व्यक्त किया। वह ग्रैंड हयात में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

लोकतंत्र और संविधान बचा रहेगा तो आप और हम सभी बच सकते हैं। इसलिए हम इस देश में तानाशाही नहीं आने देंगे। हम उस तानाशाही के खिलाफ लड़ रहे हैं। तानाशाही की जो एक घटिया मानसिकता है, हम उसके खिलाफ लड़ रहे हैं, ऐसा आदित्य ठाकरे ने कहा। एनडीए की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, एनडीए से सभी मित्र दलों को बाहर निकाल दिया गया। हम भी एनडीए में थे, हमें भी बाहर निकाल दिया गया।

# अखिल भारतीय नाई समाज मिर्जापुर के नगर शाखा के नये सदस्यों का गठन



**मिर्जापुर,** नाई समाज शाखा सदस्यों का गठन 2-9-2023 अखिल भारतीय नाई समाज मिर्जापुर के नगर शाखा के नये सदस्यों का गठन 2 सितम्बर को नाई धर्मशाला लोहदी पर हुआ. नगर अध्यक्ष मोनू शर्मा, महामंत्री ज्ञानेश्वरनाथ, संगठन मंत्री मानीकचन्द्र, कोषाध्यक्ष विजय शर्मा, उपकोषाध्यक्ष पंकज शर्मा, आडिटर सन्तोष शर्मा, प्रचारमंत्री किशन शर्मा, अजय, आलोक शर्मा, विजय, मनिष शर्मा, विष्णु शर्मा चुने गयें. विजय प्रताप सविता, वाराणसी आनन्द शर्मा, संजय शर्मा, प्रयागराज निरज शर्मा, सरक्षक वेचू लाल शर्मा, जिलाध्यक्ष रामआसरे शर्मा, महामंत्री हरिशंकर रामदास इत्यादी गणमान्य लोग उपस्थित थे।



तस्वीर में बाएं से श्री कपिल ठाकुर पीसीएस/जे की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली मिस तान्या शर्मा का अभिवादन करते हुए कदम कदम पर के लखनऊ ब्यूरो चीफ श्री सूर्य प्रताप ठाकुर



आमच्या नविन महावीर फार्मा मेडिकल & एजंसी( रिटेलर & होलसेल डिस्ट्रीब्युटर्स ) स्थलांतर व उदघाटन समारंभ निमित्त तीर्थ प्रसाद ग्रहण करण्यासाठी व आम्हाला आशीर्वाद देण्यासाठी आपली सर्वांची उपस्थिती प्रार्थनीय आहे
विनीतः– पवार परिवार खंडाळकर , वैजापूर



वैजापुर के लोकप्रिय नगराध्यक्षा सौ शिल्पा ताई परदेशी का महावीर फार्मा, मेडीकल में स्वागत करते हुए सौ लता अशोक पवार, सौ राखी पवार, सौ रूपाली पवार

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com